# मुझको नौकर बना ले मेरे सांवरे

मुझको नौकर बना ले मेरे सांवरे
मेरी नैया बचा ले मेरे सांवरे
झूठी दुनिया से अब ना मुझे काम रे
मुझको नौकर बना ले मेरे सांवरे

तेरे दर पे आता बाबा मैं तो सुबह शाम
अपने चरणों में देदे बाबा सेवा तमाम
हारे को जिताते मेरे सांवरे
पल मैं किस्मत बनाते मेरे सांवरे
मुझको नौकर बना ले मेरे सांवरे

तेरी सेवा मैं करता हूँ बाबा आठों याम
मेरे स्वामी बस एक तू ही मैं तेरा गुलाम
नहीं मांगू मैं तुझसे कोई दाम रे
मुझको सेवक बना ले मेरे सांवरे
मुझको नौकर बना ले मेरे सांवरे

है शाहों का शहंशाह मोर्वी के लाला
कोई दूजा न जैसा मेरा खाटूवाला
सुनले बिनती हमारी मेरे सांवरे
कुबेर मन्नू मानव अर्ज़ी में सांवरे
मुझको नौकर बना ले मेरे सांवरे

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21708/title/mujhko-nokar-bna-le-mere-sanware

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |